# 'तूर्यनाद '26 में परिधानिका ने दिखाई भारत की गौरवशाली विरासत

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल।

मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट), भोपाल में आयोजित तीन दिवसीय हिन्दी महोत्सव 'तूर्यनाद '26' के दूसरे दिन शब्दों की गूंज, विचारों की ऊर्जा और भारतीय संस्कृति की विविध छटाएं देखने को मिलीं। विगत 15 वर्षों से हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार और भारतीय भाषाओं के प्रति आत्मगौरव की भावना जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित हो रहे इस महोत्सव में छात्र संसद, खिचड़ी, अभिव्यक्ति नृत्य, अभिव्यक्ति गायन और परिधानिका जैसी प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर दिया।संस्थान के निदेशक डॉ. करुणेश कुमार शुक्ला और संयोजिका डॉ. सविता दीक्षित के मार्गदर्शन में तूर्यनाद का आयोजन लगातार किया जा रहा है। संस्थापक सदस्य एवं पूर्व छात्र आशुतोष ठाकुर ने बताया कि सभी भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार के साथ हिन्दी के प्रति आत्मगौरव की भावना जागृत करना तूर्यनाद का प्रमुख ध्येय है। डॉ. सविता दीक्षित, डॉ. सुंदरलाल पाल और डॉ. जय कुमार जैन के संयोजन में इस वर्ष भी महोत्सव में देशभर की भाषायी और सांस्कृतिक विविधता को मंच प्रदान किया जा रहा है। दूसरे दिन का प्रमुख आकर्षण शाम छह बजे से आयोजित 'परिधानिका' रहा। 'गौरवशाली परंपरा और इतिहास' विषय पर आधारित इस स्वदेशी फैशन शो में भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत और ऐतिहासिक गौरव को परिधानों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।प्रतिभागियों ने देश के विभिन्न राज्यों की लोकपरंपराओं, सांस्कृतिक पहचान और ऐतिहासिक दृश्यों को आकर्षक ढंग से मंच पर उतारा। रंग-बिरंगे परिधानों, पारंपरिक वेशभूषा और ऐतिहासिक पात्रों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। परिधानिका के माध्यम से भारत के

विभिन्न कालखंडों की झलक देखने को मिली। मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट), भोपाल के वार्षिक हिन्दी महोत्सव तूर्यनाद '26 के द्वितीय दिवस की शुरुआत छात्र संसद से की गई। इसके अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक एवं कलात्मक स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्र संसद, खिचड़ी, अभिव्यक्ति नृत्य, अभिव्यक्ति गायन, परिधानिका आदि प्रमुख रहे। इन विविध एवं रोचक प्रतियोगिताओं ने संपूर्ण वातावरण को ऊर्जावान एवं अविस्मरणीय बना दिया।

## तर्क, विमर्श और लोकतांत्रिक चेतना का सशक्त मंच बनी 'छात्र संसद'

तूर्यनाद '26 के द्वितीय दिवस की शुरुआत छात्र संसद से हुई, जहाँ युवा प्रतिभागियों ने संसदीय गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप 'राष्ट्रीय हिंदी अनिवार्यता एवं नागरिक एकीकरण विधेयक, 2026' पर पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। जहाँ प्रत्येक पक्ष ने अपने तर्कों को तथ्य, विवेक और प्रभावी अभिव्यक्ति के साथ प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल में उपस्थित राष्ट्रीय वक्ता एवं 'विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट विजेता 2025' श्री धीरेंद्र सिंह जी तथा राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय, भोपाल की प्राध्यापिका डॉ. राका आर्या जी ने प्रतिभागियों के तर्क, विषय की समझ, अभिव्यक्ति एवं संसदीय अनुशासन का मूल्यांकन किया। जिसमें सर्वप्रथम वक्ता अनुप भारती( पक्ष) एवं आदिव खान(विपक्ष) रहे। वहीं 'खिचड़ी' प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की भाषाओं, परंपराओं एवं सांस्कृतिक विशेषताओं को साझा करते हुए विविधता में एकता की भावना को सशक्त किया। इस प्रतियोगिता ने भाषा और क्षेत्र की सीमाओं को मिटाते हुए राष्ट्रीय एकता का परिचय दिया और तूर्यनाद महोत्सव की भावना को और भी जीवंत कर दिया।

## सुरों की सरगम और थिरकते कदमों से सजी 'अभिव्यक्ति '

तूर्यनाद '26 के द्वितीय दिवस की सांस्कृतिक संध्या में आयोजित अभिव्यक्ति ने गायन और नृत्य की विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच को भाव, लय और संगीत से भर दिया। 'अभिव्यक्ति नृत्य' में प्रतिभागियों ने नृत्य की लय, भाव-भंगिमाओं और सशक्त मंचीय प्रस्तुति के माध्यम से अपनी कला का परिचय दिया। थिरकते कदमों के साथ भारतीय नृत्य-परंपराओं के विविध रंग मंच पर साकार हुए और प्रत्येक प्रस्तुति ने संगीत को भाषा तथा भावों को गति प्रदान की तथा उपस्थित दर्शकों ने तालियों के साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अभिव्यक्ति नृत्य में प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना और 'व्हॉइयाज़ गॉट टैलेंटर (सीजन 5) की विजेता श्रीमती रागिनी मक्खर जी मुख्य निर्णायक के रूप में उपस्थित रहीं 7 रागिनी मक्खर जी इंदौर की प्रतिष्ठित च्चादयोग संगीत एवं नृत्य संस्थान' की संस्थापिका हैं और पिछले कई वर्षों से शास्त्रीय नृत्य कला को नई पहचान दे रही हैं। 'अभिव्यक्ति गायन' में प्रतिभागियों ने अपनी सुमधुर आवाज़ और सुर-साधना के माध्यम से भारतीय संगीत की विविध छवियों को स्वर प्रदान किया। अलग-अलग संगीत शैलियों में प्रस्तुत गीतों ने वातावरण को सुरमयी बनाते हुए श्रोताओं को संगीत की भाव-समृद्ध दुनिया से जोड़ा। गायन प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में पं. हरिश तिवारी जी उपस्थित रहे, जो वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में लेक्चरर के पद पर कार्यरत हैं। स्वर और नृत्य की इस अभिव्यक्ति ने तूर्यनाद '26 की सांस्कृतिक संध्या को रंगमय और स्मरणीय बना दिया।

## परिधानिका में दिखी इतिहास की समृद्ध छवि

द्वितीय दिवस का प्रमुख आकर्षण सायं 6 बजे से प्रारंभ 'गौरवशाली परंपरा और इतिहास' पर आधारित 'परिधानिका' (स्वदेशी फैशन शो) से हुआ। में भारत की समृद्ध संस्कृति, और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाते हुए प्रतिभागियो ने विभिन्न राज्यों की लोकपरंपराओं एवं ऐतिहासिक दृश्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी। विभिन्न रंगों और सांस्कृतिक परंपराओं से सजी इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया। भारत के अतीत की झलक, उसकी सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक गौरव को परिधानिका ने प्रमुखता से प्रदर्शित किया। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भारतीय इतिहास के विभिन्न कालखंडों और उनकी विशिष्ट पहचान से परिचित कराया तथा हमारी समृद्ध विरासत के प्रति गौरव और जुड़ाव की भावना को और सशक्त किया।

## कविताओं की गूँज से सजेगी तूर्यनाद '26 की समापन संध्या

हिन्दी महोत्सव तूर्यनाद '26 का अंतिम दिवस साहित्य, कला, तर्क और अभिव्यक्ति के विविध रंगों से सराबोर रहेगा। दिन की शुरुआत सामाजिक चेतना को सशक्त स्वर देते नुक्कड़ नाटकों से होगी, तो भाषायी विविधता 'खिचड़ी'(द्वितीय चरण) के माध्यम से अपनी सुंदर उपस्थिति दर्ज कराएगी। इसके पश्चात चक्रव्यूह(ट्रेजर-हंट) प्रतिभागियों की बुद्धिमत्ता, तर्कशक्ति और सूझ-बूझ को चुनौती देगा। समापन दिवस का मुख्य आकर्षण अखिल भारतीय युवा कवि सम्मेलन रहेगा। इस अवसर पर प्रमुख कवि के रूप में रामायण धर द्विवेदी, मनवीर मधुर एवं सुनील जोगी जी अपनी काव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से भाव, विचार और संवेदनाओं के विविध रंगों को स्वर देंगे। प्रेम, शृंगार, वीर और देशप्रेम के विविध भावों से सजी यह समापन संध्या देश के सुप्रसिद्ध कवियों की रचनाओं से और अधिक समृद्ध होगी। तूर्यनाद '26 अपने तीन दिनों की साहित्यिक, सांस्कृतिक और सृजनात्मक यात्रा अपनी अनगिनत स्मृतियों को समेटते हुए भावों की अभिव्यक्ति के साथ एक अमिट छाप छोड़ जाएगी।

### टीटी नगर दशहरा मैदान में उमड़ा स्नेह का सैलाब

# मातृभूमि सेवा संगठन द्वारा आयोजित रक्षाबंधन महोत्सव

**भोपाल।** टीटी नगर दशहरा मैदान में रक्षाबंधन के रंग में सराबोर नजर आया। मातृभूमि सेवा संगठन द्वारा आयोजित रक्षाबंधन महोत्सव 2026 में दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की 10 हजार से अधिक महिलाओं ने इंजीनियर संजीव सक्सेना को राखी बांधी। इस दौरान महिलाओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना को भी राखी बांधकर स्नेह और आशीर्वाद दिया। हजारों बहनों की मौजूदगी से दशहरा मैदान में उत्सव का माहौल बन गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और क्षेत्र की महिलाएं शामिल

हुईं। इस अवसर पर इंजीनियर संजीव सक्सेना ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम विधानसभा की मातृशक्ति के साथ उनका रिश्ता केवल आज का नहीं, बल्कि वर्षों से चले आ रहे स्नेह, विश्वास और अपनत्व का है।

हर वर्ष बहनों से मिलने वाला आशीर्वाद उन्हें जनसेवा के लिए नई ऊर्जा देता है। उन्होंने कहा कि इस आत्मीय रिश्ते को वे पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ निभाते रहेंगे।

# कटी पतंग ने मध्यप्रदेश में की एंट्री, भोपाल समेत तीन शहरों में मिलेगी सैफरन लेगर और बरेली एक्स्ट्रा बोल्ड

**भोपाल।** प्रीमियम एल्को-बेवरेज कंपनी कटी पतंग लाइफस्टाइल लिमिटेड ने मध्यप्रदेश के बाजार में आधिकारिक प्रवेश किया है। कंपनी ने भोपाल, इंदौर और जबलपुर में अपनी दो प्रीमियम बीयर कटी पतंग सैफरन लेगर और बरेली एक्स्ट्रा बोल्ड लॉन्च की हैं। यह विस्तार जुलाई 2026 में चंडीगढ़ में कंपनी के लॉन्च के बाद किया गया है। कंपनी के मुताबिक, 330 मिलीलीटर सैफरन लेगर की न्यूनतम बिक्री कीमत 160 रुपये रखी गई है। इसे कश्मीर के केसर से तैयार किया गया है। कंपनी इसे हल्की, साफ और कुरकुरी लेगर के रूप में पेश कर रही है। दूसरी ओर 650 मिलीलीटर बरेली एक्स्ट्रा बोल्ड की न्यूनतम बिक्री कीमत 217 रुपये है। इसे कंपनी ने स्ट्रॉन्ग और बोल्ड बीयर के तौर पर पेश किया है।

## 'भोपाल में प्रीमियम उत्पादों की मांग बढ़ रही'

मध्यप्रदेश में प्रवेश पर कटी पतंग लाइफस्टाइल लिमिटेड के सह-संस्थापक और सीईओ शांतनु उपाध्याय ने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रवेश कंपनी की विस्तार रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# मेधावी स्वर्णकार विद्यार्थियों का सम्मान, व्यापारियों की सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस की मांग

**भोपाल।** स्वर्णकार समाज की ओर से आयोजित 'स्वर्णकार एक्सीलेंस स्टूडेंट अवार्ड 2026 एवं स्वर्णकार समाज और रतन सम्मान' समारोह में कक्षा 10वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय और मंत्री विक्षास सारंग मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को मोमेंटो प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ स्वर्णकार समाज के सामाजिक और आर्थिक उत्थान से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान पूर्व महापौर सागर ने सोना-चांदी का कारोबार करने वाले व्यापारियों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि स्वर्णकार व्यापारी व्यापार के सिलसिले में आवागमन के दौरान बड़ी मात्रा में कीमती आभूषण और सोना-चांदी लेकर चलते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए



शासन से नियमों के तहत पात्र स्वर्णकार व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस देने की मांग की गई।

कार्यक्रम के आयोजक मनीष भी राज सोनी, संयोजक राजकुमार सराफा, व्यवस्था प्रभारी अशोक वर्मा और प्रभारी रामस्वरूप सोनी ने समाज की एकजुटता, शिक्षा को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को आगे लाने की आवश्यकता पर विचार रखे। आयोजकों ने कहा कि विद्यार्थियों का सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के साथ समाज की नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों, समाज के सदस्यों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### नई शुरुआत के बाद असली चुनौती का सफर

# टीईडीएक्स शाहपुरा लेक में साहस से सफलता तक की कहानियां

**भोपाल।** नई शुरुआत करना जितना चुनौतीपूर्ण है, उससे कहीं ज्यादा मुश्किल उस शुरुआत को लगातार आगे बढ़ाते रहना है। इसी विचार को केंद्र में रखते हुए आयोजित टीईडीएक्स शाहपुरा लेक 2026 में नेतृत्व, खेल, तकनीक, सामाजिक सरोकार और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े वक्ताओं ने अपनी प्रेरक यात्राएं साझा कीं। कार्यक्रम की थीम 'आफ्टर द बिगिनिंग' रही, जिसमें वक्ताओं ने बताया कि शुरुआत के बाद आने वाली चुनौतियों से जूझकर किस तरह साहस, धैर्य, सीखने की प्रवृत्ति और निरंतर प्रयास सफलता की राह तैयार करते हैं। कार्यक्रम का मुख्य सहयोगी आईसेक्ट

इंडिया, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी यूनिवर्सिटी पार्टनर और रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी शैक्षणिक पार्टनर रहा।

इसी चिंतनिस ने नई शुरुआत के रास्ते में आने वाले पांच प्रमुख अवरोधों आत्म-संदेह, शुरुआत करने की झिझक, दूसरों से तुलना, 'ऑल ऑर नथिंग' सोच और परिणाम के लिए पर्याप्त इंतजार नहीं करने पर बात की। उन्होंने कहा कि परफेक्शन की तलाश के बजाय प्रयोग, धैर्य और लगातार प्रगति को महत्व देना जरूरी है। भावना जैसवाल ने मध्यमवर्गीय परिवार से निकलकर पेशेवर खेल की दुनिया में पहचान बनाने की अपनी यात्रा साझा की। अपनी क्षमताओं पर उठे सवालों के बावजूद उन्होंने सी.बी.एस.ईस्टेट लेवल पर स्कूल का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया कि खेल ने उन्हें अनुशासन, आत्मनिर्भरता और असफलताओं से दोबारा खड़े होने की सीख दी। युवाओं से उन्होंने अपनी प्रतिभा को किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रखने का आह्वान किया।

युवा इनोवेटर लक्षवीर ने इलेक्ट्रॉनिक्स,रोबोटिक्स और एआई के क्षेत्र मेंकिए अपने प्रयोगों और उम्र के कारण सामने आई चुनौतियों के अनुभव साझा किए। उनका संदेश था कि कम उम्र किसी की क्षमता की सीमा तय नहीं करती। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की रुचि को समझने और उन्हें समय व अवसर देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बच्चों से केवल यह पूछने के बजाय कि वे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं, यह भी पूछा जाना चाहिए कि आज आप क्या बनाना चाहते हैं? आईआईएम के निदेशक डॉ. हिमांश राय ने नीड एंड एट्रिब्यूट्स के बीच अंतर संकेत और उपभोक्ता उपभोक्ताओं पर ज़ोर दिया।

# बच्चों की कला को प्रोत्साहन सपनों को नई उड़ान

भोपाल। परवरिश द म्यूज़ियम स्कूल से जुड़े आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों और आसपास की बस्तियों के बच्चों ने इस वर्ष भी अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए मिट्टी से सुंदर एवं पर्यावरण-अनुकूल भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं तैयार की हैं। गणेशोत्सव के अवसर पर बच्चों की इस पहल के माध्यम से कला के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जा रहा है। अधिवक्ता गुंजन चौकसे ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी संस्था से जुड़े बच्चे पूरे उत्साह और रचनात्मकता के साथ मिट्टी के गणेश जी तैयार कर रहे हैं। संस्था में बच्चों को विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को निखारने के साथ अपनी कला को प्रदर्शित करने का मंच भी उपलब्ध कराया जाता है। बच्चों द्वारा तैयार की गई प्रतिमाएं उनकी मेहनत, रचनात्मकता और सीखने की ललक को दर्शाती हैं।

उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि बच्चों द्वारा निर्मित गणेश प्रतिमाओं को अधिक से अधिक हासेदार उत्साहवर्धन करें। ये प्रतिमाएं रीजनल म्यूज़ियम स्कूल, बिहट्न मार्केट में सुबह दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। गुंजन चौकसे ने कहा कि समाज का छोटा-सा सहयोग भी इन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# अब 24 घंटे चलेगा 'बिग बॉस' का कलेश टाटा प्ले ने लांच किया रियलिटी टीवी चैनल

**मुंबई।** रियलिटी टीवी के चर्चित शो बिग बॉस के पुराने और यादगार सीजन देखने के शौकीन दर्शकों के लिए टाटा प्ले ने नई पहल की है। कंपनी ने टाटा प्ले रियलिटी टीवी नाम से नया चैनल लांच किया है, जिस पर दर्शक 24 घंटे हिंदी रियलिटी मनोरंजन का आनंद ले सकेंगे। चैनल की शुरुआत बिग बॉस सीजन 1 और सीजन 11 से की गई है। 11 सितंबर से शुरू हुई यह सेवा बिना विज्ञापन के उपलब्ध होगी। दर्शक इसे टाटा प्ले के चैनल 150 पर देख सकेंगे। इसके अलावा टाटा प्ले मोबाइल ऐप पर भी इस सेवा को देखने की सुविधा मिलेगी। कंपनी आने वाले महीनों में चैनल पर और भी लोकप्रिय रियलिटी शो जोड़ने की योजना बना रही है। टाटा प्ले रियलिटी टीवी पर सबसे पहले बिग बॉस सीजन 1 प्रसारित किया जा रहा है। वर्ष 2006-07 में आए इस सीजन के साथ भारत

में इस चर्चित रियलिटी शो की शुरुआत हुई थी। इसकी मेजबानी अभिनेता अरशद वारसी ने की थी और राहुल रॉय विजेता बने थे। सीजन में राहुल रॉय, रवि किशन और राखी सावंत जैसे प्रतियोगियों ने दर्शकों का ध्यान खींचा था।

# टीवी स्क्रीन तक रोहित शर्मा की नई पारी, 19 सितंबर को होगा 'फैमिली फुल हाउस' का प्रीमियर

**मुंबई।** क्रिकेट के मैदान पर अपनी बल्लेबाजी और मस्तीभरे अंदाज से दर्शकों का मनोरंजन करने वाले रोहित शर्मा अब टेलीविजन पर भी नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। 'फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा' का ग्रैंड प्रीमियर 19 सितंबर को रात 9.30 बजे होगा। शो का प्रसारण सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर किया जाएगा। प्रीमियर एपिसोड में क्रिकेट और मनोरंजन जगत की कई चर्चित हस्तियां एक साथ नजर आएंगी। इनमें श्रेयस अय्यर, शार्दुल ठाकुर, अभिषेक नायर,

डॉ. आदित्य दफ्तरी, कुणाल खेमू, स्पर्श श्रीवास्तव, निरहुआ और वंशिका धीर शामिल हैं।

शो के नए प्रोमो में क्रिकेटिंग दोस्तों की मस्ती और रोहित शर्मा की जमकर खिंचाई देखने को मिल रही है। श्रेयस अय्यर और शार्दुल ठाकुर अपने चिर-परिचित अंदाज में रोहित के साथ मजाक करते नजर आते हैं। वहीं कुणाल खेमू ने रोहित की उस खासियत का जिक्र किया, जिससे वे किसी भी माहौल को रोमांचक बना देते हैं। उन्होंने कहा कि ये काम सिर्फ रोहित शर्मा ही कर सकते हैं कि ऑडियंस कहीं भी हो, उसे स्टेडियम बना ही देते हैं। प्रोमो में मस्ती का एक और रंग तब देखने को मिलता है, जब क्रिकेटिंग टीम 'कोई सहरी बाबू' गाने पर अचानक डांस करने लगती है। यह अंदाज शो में क्रिकेट, दोस्ती और मनोरंजन के तड़के की झलक देता है।

## सच अलर्ट



प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स के लिए देश के विभिन्न संस्थानों द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप, अवार्ड और प्रतियोगिताओं की जानकारी अब buddy4study के सहयोग से सच एक्सप्रेस पर। आवेदन के लिए लिंक करें
www.buddy4study.com

### आईसीपीसी इंटर्नशिप प्रोग्राम 2025

- विवरण: आईसीपीसी इंटर्नशिप प्रोग्राम 2025, पॉलिसी, पॉलिटिक्स एंड गवर्नेंस फाउंडेशन द्वारा अंतिम वर्ष या पूर्व-अंतिम वर्ष के स्नातक छात्रों को प्रदान किया जा रहा है। यह इंटर्नशिप पाठ्यक्रम सूचना, उत्तरदायी व्यक्तियों को राजनीतिक और नीति निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र एवं अन्वेषण से अवगत कराता है।
- मानदंड: आवेदन अंतिम वर्ष या पूर्व-अंतिम वर्ष के स्नातक अध्ययनरत छात्रों के लिए जारी है। उन्हें स्नातक अध्ययन पूर्ण करने के बाद राजनीतिक या नीति रणनीति परामर्श में करियर बनाने में रुचि होनी चाहिए।
- इनाम/लाभ: रुपए 5,000 का मासिक स्टाइपेंड तथा सहकर्मी प्रमाण पत्र।
- अंतिम तिथि: पूरे वर्ष आवेदन आमंत्रित हैं।
- आवेदन कैसे करें: केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार्य
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/ICPI1
- QR Code: https://dle9eg0105513.cloud-front.net/static/images/scho-media/icpc-internship-programme-20251774330906.png

### एसओएफ डिफेंस सर्विसेज़ एकेडमिक एक्सीलेंस स्कॉलरशिप

- विवरण: एसओएफ डिफेंस सर्विसेज़ एकेडमिक एक्सीलेंस स्कॉलरशिप 2026-27, साइंस ऑलेफियस फाउंडेशन द्वारा कक्षा 1 से 10 तक के छात्रों को प्रदान की जा रही है। इसका उद्देश्य भारतीय रक्षा सेवाओं और अंतरिक्ष सुरक्षा सेवाओं के परिवारों से आने वाले छात्रों की शैक्षणिक प्रतिबद्धियों को पुरस्कृत करना है।
- मानदंड: भारतीय निवासी कक्षा 1 से 10 में अध्ययनरत छात्र आवेदन कर सकते हैं। वे सेवारत या सेवानिवृत्त रक्षा सेवा/अंतरिक्ष सुरक्षा सेवा कर्मियों के परिवार से संबंधित होने चाहिए।
- इनाम/लाभ: रुपए 5,000 का एकमुश्त नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्राप्त होगा।
- अंतिम तिथि: 31-12-2026
- आवेदन कैसे करें: केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार्य
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/SDSAS7
- QR Code: https://dle9eg0105513.cloud-front.net /static/images/scho-media/sof-defence-services-academic-excellence-scholarship-dsas-2026-271784610057.png

### नेशनल फेलोशिप स्कीम फॉर शेड्यूल्ड कास्ट स्टूडेंट्स (एनएफएससी) 2026

- विवरण: नेशनल फेलोशिप स्कीम फॉर शेड्यूल्ड कास्ट स्टूडेंट्स (एनएफएससी) 2026, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जा रहा एक अवसर है। यह फेलोशिप यूजीसी-मान्यता प्राप्त संस्थानों में विज्ञान, मानविकी, या सामाजिक विज्ञान संकायों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। पात्र छात्रों को प्रत्येक वर्ष 2,000 नई फेलोशिप प्रदान की जाती है।
- मानदंड: सम्बंधित राज्य सरकारों द्वारा सूचीबद्ध अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों के लिए आवेदन जारी हैं। आवेदकों को यूजीसी-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों या अनुसंधान संस्थानों में पूर्णकालिक, नियमित एम.फिल. या पीएच.डी. कार्यक्रमों में नामांकित होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, जे नाटीय पात्रता परीक्षा (नेट) या स्नातक अभिमानिकी प्रवेश परीक्षा (गेट) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- इनाम/लाभ: प्रति माह अधिकतम 35,000 रुपये तथा अन्य लाभ।
- अंतिम तिथि: 20-12-2026
- आवेदन कैसे करें: यूजीसी-नेट-जेआरएफ या यूजीसी-सीएसआईआर नेट-जेआरएफ परीक्षा के मेरिट आधारित चयन द्वारा ऑफलाइन आवेदन स्वीकार्य।
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/NFSC1
- QR Code: https://dle9eg0105513. cloud-front.net/static/images/scho-media/national-fellowship-scheme-for-scheduled-caste-students-nfsc-20261769489377.png

### परिवर्तन ईसीएसएस प्रोग्राम

- विवरण: परिवर्तन ईसीएसएस प्रोग्राम 2026-27 एक छात्रवृत्ति पहल है, जिसका उद्देश्य कक्षा 1 से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक के मेधावी और आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को सहायता प्रदान करना है।
- मानदंड: कक्षा 1 से 12, डिप्लोमा, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, स्नातक (सामान्य और व्यवसायिक), और स्नातकोत्तर (सामान्य और व्यवसायिक) पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों के लिए खुला है।
- नवीनतम योग्यता परीक्षा में न्यूनतम 55त्न अंक अवश्यक हैं।
- सभी स्रोतों से वार्षिक पारिवारिक आय 72.5 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- केवल भारतीय नागरिकों के लिए जारी है।
- नोट: उन आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में किसी व्यक्तिगत या पारिवारिक संकट का सामना किया है, जिसने उनकी पढ़ाई जारी रखने की क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया हो।
- इनाम/लाभ: शैक्षिक स्तर के आधार पर 5,000 तक की छात्रवृत्ति।
- अंतिम तिथि: 30-09-2026
- आवेदन कैसे करें: केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार्य
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/HDFC63
- QR Code: https://dle9eg0105513.cloud-front.net/static/images/scho-media/parivartan-eccss-programme-2026-271786449527.png

### मुस्कान स्कॉलरशिप प्रोग्राम 2.0

- विवरण: मुस्कान स्कॉलरशिप प्रोग्राम 2.0 (2026-27),वाल्चेलीन कर्मिंग प्राइवेट लिमिटेड की एक पहल है, जो दक्षिणी, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को सहायता प्रदान करती है। इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य व्यावसायिक वाहन चालकों, मैकेनिकों के बच्चों और आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के छात्रों को उनकी शिक्षा जारी रखने में सहायता करना है।
- मानदंड: आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुडुचेरी, सिक्किम, तमिलनाडु और तेलंगाना के कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत छात्र आवेदन के पात्र हैं। एलएमएचवी/एलएमवी चालकों सहित व्यावसायिक वाहन चालकों के बच्चे, मैकेनिकों के बच्चे और आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के छात्र आवेदन कर सकते हैं।
- आवेदक को पिछली कक्षा में 60त्न या उससे अधिक अंक प्राप्त होना अनिवार्य है। सभी स्रोतों से वार्षिक पारिवारिक आय 78 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। वाल्चोलीन कर्मिंग प्राइवेट लिमिटेड (ड्रग्स्चक्क और बड्डी4स्टडी के कर्मचारियों के बच्चे आवेदन के पात्र नहीं हैं।
- इनाम/लाभ: चयनित छात्रों को निम्नलिखित छात्रवृत्ति लाभ प्रदान किए जाएंगे। 12,000 तक की छात्रवृत्ति (वास्तविक शर्तों के आधार पर) मेंटरशिप सहायता (तीस सेमेस्टर पर सत्र)
- अंतिम तिथि: 30-09-2026
- आवेदन कैसे करें: केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार्य
- आवेदन लिंक www.b4s.in/sach/MKSP3
- QR Code: https://dle9eg0105513.cloud-front.net/static/images/scho-media/muskaan-scholarship-program-2-0-2026-2717803373884.png